# ट्रंप ने मोदी को कहा बहुत अच्छा इंसान

## एपेक सम्मेलन में राष्ट्रपति ट्रंप ने दो देशों के बीच व्यापार बढ़ाने की संभावना जताई



**नई दिल्ली, 29 अक्टूबर. अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग (एपेक) सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जमकर तारीफ की.**

उन्होंने मोदी को 'बहुत अच्छा इंसान' बताते हुए भारत और अमेरिका के बीच जल्द ही व्यापार समझौते की संभावना का संकेत दिया. अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रशंसा करते हुए उन्हें बहुत अच्छा और सक्षम इंसान बताया और संकेत दिया कि भारत-अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौता जल्द ही हो सकता है. ट्रंप ने यह बातें दक्षिण कोरिया के ग्योंगजू में आयोजित एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग (एपेक) सम्मेलन के दौरान प्रतिनिधियों के भोजन समारोह में कही. ट्रंप ने बताया कि उन्होंने मई में भारत और पाकिस्तान के बीच संभावित परमाणु संघर्ष को रोकने में व्यक्तिगत रूप से भूमिका निभाई थी. उन्होंने कहा कि उन्होंने दोनों देशों के नेताओं से फोन पर संपर्क किया और शत्रुता को रोकने के प्रयास किए.

### सुरक्षा और रणनीतिक सहयोग को भी बढ़ावा देंगे

विशेषज्ञों का कहना है कि यह संकेत देता है कि भारत-अमेरिका संबंध मजबूत हैं और व्यापारिक सहयोग के लिए अनुकूल परिस्थितियां बन रही हैं. इस तरह के सकारात्मक संवाद और व्यापार संकेत न केवल दोनों देशों के आर्थिक रिश्तों को मजबूती देंगे, बल्कि क्षेत्रीय सुरक्षा और रणनीतिक सहयोग को भी बढ़ावा देंगे. इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी को फोन किया और कहा कि अमेरिका भारत के साथ व्यापार समझौता तत्काल नहीं कर सकता क्योंकि भारत-पाकिस्तान के साथ विवाद में उलझा हुआ है.

> प्रधानमंत्री मोदी ने इस पर जवाब देते हुए कहा कि दोनों देशों को व्यापार समझौता करना चाहिए. ट्रंप ने मोदी की इस स्पष्ट और मजबूत प्रतिक्रिया की सराहना की और कहा, अहा! यही वही आदमी हैं, जिन्हें मैं जानता हूँ. अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि मोदी बहुत अच्छे, मजबूत और सक्षम व्यक्ति हैं. ट्रंप ने यह भी साझा किया कि दो दिनों बाद दोनों प्रधानमंत्रियों ने पुनः फोन किया और विवाद को सुलझाने के लिए सहमति बन गई. उन्होंने सवाल उठाया कि क्या ऐसा बाइडेन कर सकते थे, और तुरंत ही तुलना कर कहा कि शायद नहीं.

# रियो डी जेनेरियो में 64 लोगों की मौत

### कोमांडो वर्मेलो आपराधिक समूह के मारे गए सदस्य



**रियो डी जेनेरियो, 29 अक्टूबर. ब्राजील के रियो डी जेनेरियो के कॉम्प्लेक्सो डू अलेमाओ और पेन्हा फेवेलस में कोमांडो वर्मेलो आपराधिक समूह के खिलाफ बड़ी कार्रवाई हुई.**

एक बड़े सुरक्षा अभियान में कम से कम 64 लोग मारे गए, जबकि 81 लोग गिरफ्तार किए गए. यह जानकारी आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को दी. रियो डी जेनेरो राज्य सरकार ने इस कार्रवाई को रियो के इतिहास में सबसे घातक अभियान करार दिया, जिसमें 2,500 से ज्यादा नागरिकों एवं सैन्य पुलिस अधिकारियों ने हिस्सा लिया और इसमें दोनों परिसरों के 26 समुदायों को निशाना बनाया गया. अधिकारियों ने कहा कि मारे गए लोगों में 56 कथित कोमांडो वर्मेलो के सदस्य और कई पुलिस अधिकारी शामिल हैं. अधिकारियों ने 31 राइफलों के साथ-साथ अन्य हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक भी जब्त किया है. पुलिस ने एक साल से ज़्यादा चली जांच से जुड़े 69 गिरफ्तारी वारंट और 180 तलाशी वारंट पर अमल करने की कोशिश की. हिरासत में लिए गए लोगों में चापाडाओ इलाके में हिंसा भड़काने का आरोपी कोमांडो वर्मेलो का एक संदिग्ध नेता भी शामिल है. नार्कोटेरोरिज्म के खिलाफ प्रतिक्रिया बताया और कहा कि इसका उद्देश्य रियो के आसपास एवं पड़ोसी नगरपालिकाओं में गिरोह के क्षेत्रीय विस्तार को रोकना है.

# गन्ने का मूल्य 400 रुपए प्रति क्विंटल होगा


### योगी सरकार का तोहफा, दाम में 30 रु. प्रति क्विंटल बढ़ोतरी

### चुनाव से पहले 25 प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी हुई थी

**लखनऊ, 29 अक्टूबर. उत्तर प्रदेश सरकार ने गन्ना किसानों को बड़ा तोहफा दिया है. सरकार ने गन्ने के मूल्य में 3 प्रति क्विंटल तक की बढ़ोतरी की है.**

इस फैसले से राज्य के गन्ना किसानों को लगभग 3000 करोड़ का अतिरिक्त लाभ मिलेगा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्णय के अनुसार, अब अगैती प्रजाति के गन्ने का मूल्य 400 प्रति क्विंटल होगा, जबकि सामान्य प्रजाति के लिए यह दर 390 प्रति क्विंटल तय की गई है. योगी सरकार का यह निर्णय किसानों के लिए एक बड़ा उपहार है, जिससे उनकी आय में महत्वपूर्ण वृद्धि होगी. इससे पहले पेराई सत्र 2021-22 में विधानसभा चुनाव से पहले 25 प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी हुई थी. तब अगैती प्रजाति का मूल्य 350 और सामान्य प्रजाति का 340 प्रति क्विंटल तय हुआ था. वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले, पेराई सत्र 2023-24 में अगैती प्रजातियों के मूल्य में 20 की वृद्धि हुई थी, जिससे यह 370 प्रति क्विंटल हो गया था. इससे पहले केंद्रीय कैबिनेट ने रबी सीजन 2025-26 (1 अक्टूबर 2025 से 31 मार्च 2026) के लिए फॉस्फेटिक और पोटासिक फर्टिलाइजर पर न्यूट्रिएंट बेस्ड सब्सिडी रेट्स को मंजूरी दी है.

> प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद यह चौथी बार है जब गन्ना के एसएपी में बढ़ोतरी की गई है. वर्ष 2017 में मुख्यमंत्री बनने के बाद योगी आदित्यनाथ ने गन्ना मूल्य में 10 रुपये की वृद्धि की थी. इसके बाद वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव से पहले पेराई सत्र 2021-22 के लिए गन्ना का मूल्य 25 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ाया था. वृद्धि के साथ अगैती प्रजातियों के लिए 350, सामान्य प्रजाति के लिए 340 और अनुपयुक्त प्रजाति के लिए 335 रुपये प्रति क्विंटल मूल्य तय किया गया था. गौरतलब है कि गन्ना किसान लगातार मूल्य बढ़ाने की मांग कर रहे थे. हाल ही में हरियाणा सरकार द्वारा गन्ने के दाम बढ़ाने के बाद यूपी में भी यह मांग तेज हो गई थी.



# तुर्की में 18 आईएस संदिग्ध हिरासत में

**इस्तांबुल, 29 अक्टूबर.** तुर्की पुलिस ने मंगलवार को उत्तर-पश्चिमी प्रांत बुर्सा में इस्लामिक स्टेट (आईएस) के खिलाफ जारी अभियान में 18 संदिग्धों को हिरासत में लिया. टीआरटी ने बुर्सा पुलिस विभाग के हवाले से कहा कि 19 संदिग्धों की जांच के बाद पुलिस ने बुर्सा के कराकाबे जिले में कई स्थानों पर छापेमारी की. उन्होंने कहा कि शेष संदिग्धों को ढूंढने एवं पकड़ने की कोशिश की जा रही है. उल्लेखनीय है कि तुर्की ने 2013 में आईएस को आधिकारिक तौर पर एक आतंकवादी संगठन घोषित किया था और तब से इस समूह ने कई हमलों में तुर्की को निशाना बनाया है. इसके जवाब में सुरक्षा बलों ने देश और विदेश में इसके खिलाफ कई आतंकवाद-रोधी अभियान शुरू किये हैं.

# मोन्था तूफान से तेलंगाना में मची भारी तबाही

## कार और ट्रक बह गए, रेलवे स्टेशन पर पानी भरा, कई ट्रेनें रद्द की गई

**नई दिल्ली, 29 अक्टूबर. चक्रवात मोन्था के आंध्र प्रदेश से टकराने के बाद बुधवा को तेलंगाना में तेज बारिश हुई. महबूबाबाद जिले के डोरनकल रेलवे स्टेशन पर पानी भर गया. गोलकुंडा एक्सप्रेस और कोणार्क एक्सप्रेस को रोकना पड़ा.**

वहीं खम्मम जिले में एक लॉरी पानी के तेज बहाव में बह गई. नालगोंडा में एक स्कूल में पानी भर गया. बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाला गया. तूफान बुधवार की सुबह ओडिशा के गंजम पहुंचा. गंजम के समुद्र में ऊंची-ऊंची लहरें उठ रही हैं और हवा की रफ्तार 80-100 किमी प्रति घंटा पहुंच गई है. लैंडफॉल के बावजूद अगले 6 घंटों तक तूफान का असर रहेगा. मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने जिला कलेक्टरों और अन्य अधिकारियों के साथ स्थिति की समीक्षा की. मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को प्रभावित क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर राहत अभियान चलाने का निर्देश दिया. उन्होंने कहा कि विद्युत आपूर्ति बहाल करने के लिए 10,000 से ज्यादा लोगों को तैनात किया गया है. मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को पीड़ितों को चावल और तेल समेत जरूरी चीजें उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया.



> प्रारंभिक अनुमानों के अनुसार, चक्रवात के कारण पूरे राज्य में 4.50 लाख एकड़ से अधिक भूमि पर लगी फसलों को नुकसान पहुंचा है. अधिकारियों ने कहा कि चक्रवात द्वारा दस्तक देने वाले कोनासीमा जिले में 20,000 एकड़ से अधिक भूमि पर लगी फसलें नष्ट हो गईं.

### एक नजर में

#### चुशुल मोल्डो बॉर्डर पर हुई भारत-चीन की बैठक

**नई दिल्ली 29 अक्टूबर.** भारत और चीन ने सीमा पर शांति और स्थिरता की स्थिति पर संतोष व्यक्त करते हुए सभी जमीनी मुद्दों का समाधान मौजूदा वार्ता तंत्र के माध्यम से करने पर सहमति व्यक्त की है. विदेश मंत्रालय ने बुधवार को यहां एक वक्तव्य जारी कर कहा कि दोनों देशों की सेनाओं के कोर कमांडरों की बैठक में यह सहमति जताई गई. वक्तव्य में कहा गया है कि भारत-चीन की सेनाओं के बीच कोर कमांडर स्तर की बैठक का 23वां दौर 25 अक्टूबर को चुशुल-मोल्डो बॉर्डर मीटिंग पॉइंट पर हुआ. गत 19 अगस्त को हुई विशेष प्रतिनिधि स्तर की बातचीत के 24वें दौर के बाद पश्चिमी सेक्टर में जनरल लेवल मैकेनिज्म की यह पहली बैठक थी और इसमें बातचीत दोस्ताना और अच्छे माहौल में हुई.

#### कोंडागांव में चार ट्रकों की भीषण टक्कर

**कोंडागाव, 29 अक्टूबर.** छत्तीसगढ़ के कोंडागांव स्थित नेशनल हाईवे-30 के व्यस्त आवाराभाटा चौक पर बुधवार सुबह लगातार दो हादसों में चार ट्रक आपस में टकरा गए, जिसमें एक चालक अपने वाहन में फंस गया है. इस घटना के चलते मुख्य मार्ग पर लंबे यातायात जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई है. जानकारी के अनुसार, यह घटनाक्रम दो चरणों में सामने आया. रात्रिकालीन हादसे में चौक पर रोड किनारे खड़ी एक ट्रक के पीछे से दूसरी ट्रक टकरा गई. दो अन्य ट्रकों की आमने-सामने भीषण टक्कर हो गई. इन हादसों में एक ट्रक का चालक बुरी तरह से अपने वाहन के अंदर फंस गया है. मौके पर मौजूद एक राहगीर के मुताबिक, चालक की हालत चिंताजनक लग रही है.

# 51 माओवादियों ने किया सरेंडर

- छग के हार्डकोर नक्सली इलाके में बड़ी सफलता
- नक्सलियों के ऊपर 66 लाख था इनाम घोषित




**बीजापुर, 29 अक्टूबर. छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में सुरक्षाबल के जवानों को बड़ी सफलता मिली है. नक्सल विरोधी अभियान के तहत बुधवार को 51 नक्सलियों ने पुलिसकर्मियों के सामने सरेंडर कर दिया है. सरेंडर करने वाले नक्सलियों ने 9 महिलाएं व 42 पुरुष माओवादी शामिल हैं.**

आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों के ऊपर कुल 66 लाख रुपये का इनाम घोषित किया गया था. बुधवार को ही कांकेर जिले में भी 21 नक्सलियों ने सरेंडर किया है. मामले की जानकारी देते हुए पुलिस अधिकारियों ने कहा कि राज्य सरकार की नक्सल उन्मूलन नीति, शांति, संवाद एवं विकास पर केंद्रित निरंतर प्रयासों के कारण 51 माओवादी कैडरों ने हिंसा का मार्ग छोड़कर समाज की मुख्यधारा में लौटने का निर्णय लिया है. पूना मारगेम पुनर्वास से पुनर्जीवन योजना के अंतर्गत 9 महिला एवं 42 पुरुष नक्सलियों ने अपने हथियार डाल दिए हैं. अधिकारियों ने बताया कि सरेंडर करने वाले माओवादी अलग-अलग संगठन के हैं. पीएलजीए बटालियन के सदस्य, एसीएम, प्लाटून एवं एरिया कमेटी पार्टी सदस्य, एलओएस सदस्य, मिलिशिया प्लाटून कमांडर, मिलिशिया प्लाटून सदस्य शामिल हैं.

### आज का इतिहास

| | |
|---|---|
| 1470 | हेनरी इंग्लैंड के सिंहासन पर बैठा। 1485 - हेनरी सप्तम इंग्लैंड के राजा बने |
| 1502 | वास्को डी गामा दूसरी बार कालीकट पहुंचे। |
| 1611 | गुस्टॉफ द्वितीय एडोल्फ 17 साल की उम्र में स्वीडन का राजा बना। |
| 1883 | महान चिंतक एवं समाज सुधारक स्वामी दयानंद सरस्वती का निधन। |
| 1909 | मशहूर वैज्ञानिक होमी जहांगीर भाभा का जन्म। |
| 1922 | बेनिटो मुसोलिनी ने इटली में सरकार बनाई। |
| 1930 | तुर्की तथा यूनान ने मित्रता संधि पर हस्ताक्षर किये। |

# बिहार चुनाव में राजद-कांग्रेस का होगा सूपड़ा साफ : शाह

- बिहार में गरजे केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह
- जननायक उपाधि को छीनना चाहते है राहुल-तेजस्वी




**समस्तीपुर, 29 अक्टूबर. केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह बुधवार को कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) रिकॉर्ड बहुमत के साथ प्रदेश में एक बार फिर से सरकार बनाएगी और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो जाएगा.**

शाह ने समस्तीपुर जिले के रोसड़ा स्टेडियम में राजग प्रत्याशियों के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित किया. उन्होंने कहा कि यह विधानसभा चुनाव किसी को विधायक या मंत्री बनाने का नहीं है, बल्कि राजद के शासनकाल के जंगलराज को समाप्त करने का है. उन्होंने कहा कि लोगों के रूझान से स्पष्ट है कि इस चुनाव मे लालू यादव और राहुल गांधी की पार्टी का सूपड़ा साफ हो जाएगा. उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस एवं राजद भ्रष्टाचार का प्रतीक है और इस चुनाव में इन दलों का सफाया तय है.

**लालू ने राज्य की बजाये परिवार का किया विकास:** केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व मे बिहार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व मे देश का चौतरफा विकास हो रहा है. उन्होंने कहा कि आज राहुल गांधी एवं तेजस्वी यादव, कर्पूरी ठाकुर को मिले जननायक की उपाधि को छीनना चाहते है.

### भाजपा संविधान को खत्म करना चाहती है : राहुल गांधी



**दरभंगा, 29 अक्टूबर.** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस के सांसद राहुल गांधी ने बुधवार को कहा कि भाजपा संविधान को खत्म कर देश को आजादी से पहले वाली स्थिति में ले जाना चाहती है. गांधी ने दरभंगा में महागठबंधन के उम्मीदवारों के पक्ष में जनसभा को संबोधित किया. उन्होंने कहा कि देश में आजादी के पहले सभी नागरिकों को समान अधिकार नहीं था. उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी और बाबा साहब अंबेडकर ने संविधान के माध्यम से देश के सभी गरीब, अमीर बाशिंदों को समान नागरिक अधिकार प्रदान किया. भाजपा को यह स्थिति मंजूर नही है और इसलिए बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के माध्यम से गरीबो का मताधिकार छीनने की कोशिश की गई. गांधी ने कहा कि भाजपा और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) के लोग चाहते हैं कि कभी भी सत्ता उनके हाथ से नहीं जाए.

# आईटीबीपी ने शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली, 29 अक्टूबर. भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) द्वारा नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय पुलिस स्मारक, चाणक्यपुरी में वीर शहीदों की स्मृति में श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया.**

शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित की गई, सलामी परेड का आयोजन हुआ तथा आईटीबीपी बैंड ने वीरता को समर्पित भावपूर्ण धुनें प्रस्तुत कीं. आईटीबीपी के महानिदेशक प्रवीण कुमार और हिमवीर वाइव्स वेलफेयर एसोसिएशन की अध्यक्षा ऋचा झा ने इस अवसर पर 15 शहीदों के परिजनों को सम्मानित किया. उन्होंने कहा कि आईटीबीपी के वीरों ने राष्ट्र की सुरक्षा के लिए जो सर्वोच्च बलिदान दिया है, वह सदैव अमर रहेगा. समारोह में उपस्थित वरिष्ठ अधिकारियों, शहीद परिवारों एवं गणमान्य अतिथियों ने वाल ऑफ वैलर पर पुष्पचक्र अर्पित कर शहीदों को नमन किया. इस दौरान पूरा परिसर देशभक्ति और गौरव की भावना से गूंज उठा. कार्यक्रम से पूर्व सुबह आयोजित रक्तदान शिविर में हिमवीरों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर समाजसेवा एवं मानवता के प्रति बल की प्रतिबद्धता को और सशक्त किया. समारोह का समापन आईटीबीपी कर्मियों के शौर्य, समर्पण और बलिदान को प्रदर्शित करती वीडियो प्रस्तुति के साथ हुआ, जिसने सीमाओं की रक्षा में उनके अप्रतिम योगदान को भावपूर्ण रूप से उजागर किया.

# आसाराम को हाईकोर्ट से मिली अंतरिम जमानत



**जोधपुर 29 अक्टूबर.** नाबालिग लड़की से रेप के दोषी आसाराम बापू को राजस्थान हाईकोर्ट से 6 महीने की अंतरिम जमानत मिल गई है. आसाराम ने 30 अगस्त को जेल में वापस सरेंडर किया था, जिसके कुछ दिन बाद ही उसकी तबीयत बिगड़ने लगी थी. मेडिकल के आधार पर लगाई गई याचिका की सुनवाई कार्यवाहक चीफ जस्टिस संजीव प्रकाश शर्मा और जस्टिस संगीता शर्मा की डिवीजन बेंच ने की.

# सीएम धामी ने जवानों से की मुलाकात

**पिथौरागढ़/नैनीताल, 29 अक्टूबर. उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को चीन सीमा से सटे मिलम गांव का दौरा किया और भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के जवानों से मुलाकात की.**

मुख्यमंत्री ने जवानों की राष्ट्रसेवा के जज्बे की मुक्त कंठ से सराहना की. धामी ने कहा कि देश की सुरक्षा और सीमाओं की रक्षा में जवानों का योगदान अतुलनीय है और उनका अनुशासन, परिश्रम एवं देशभक्ति सभी के लिए प्रेरणा स्रोत है. मुख्यमंत्री ने फिल्म के ग्रामीणों से भी संवाद किया. उन्होंने ग्रामीणों के साथ क्षेत्रीय विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार के साथ ही मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं पर चर्चा की तथा उनसे राज्य सरकार की ओर से संचालित योजनाओं की जानकारी साझा की. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सीमांत गांवों के सर्वांगीण विकास के लिए 'वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम' प्रभावी रूप से क्रियान्वित किया जा रहा है. इसके तहत सीमांत क्षेत्रों को बुनियादी सुविधाओं से जोड़ने, स्थानीय युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने और गांवों को आत्मनिर्भर बनाने के प्रयास तेजी से जारी हैं.




> मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार सीमांत क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है. आने वाले समय में इन क्षेत्रों में सड़क, संचार, स्वास्थ्य व शिक्षा की सुविधाओं को सुदृढ़ किया जाएगा ताकि सीमाओं पर बसने वाले लोगों का जीवन स्तर बेहतर हो सके. उन्होंने सीमा से सटे लोगों के सहयोग व राष्ट्र के प्रति समर्पण के लिए आभार व्यक्त किया. मुख्यमंत्री ने मुनस्यारी के जोहार क्लब में इंडोर स्टेडियम बनाने, ग्राम मिलम में नन्दा देवी मंदिर के सौर्न्यीकरण और ग्राम बिल्जू में सामुदायिक मिलन केन्द्र का निर्माण कार्य कराये जाने की घोषणा की.

### मीटिंग — आसियान देशों के रक्षा मंत्रियों की 12वीं बैठक एक नवंबर को मलेशिया में होगी

# रक्षा मंत्रियों की बैठक में शामिल होंगे राजनाथ

**नई दिल्ली 29 अक्टूबर. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आसियान देशों के रक्षा मंत्रियों की 12वीं बैठक-प्लस (एडीएमएम-प्लस) में हिस्सा लेने के लिए एक नवम्बर को मलेशिया की राजधानी कुआलालंपुर जाएंगे.**

रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को वक्तव्य जारी कर कहा कि सिंह फोरम में एडीडीएम-प्लस के 15 वर्ष और आगे का रास्ता विषय पर अपने विचार रखेंगे. यह मलेशिया की अध्यक्षता में 31 अक्टूबर को आसियान-भारत रक्षा मंत्रियों की अनौपचारिक बैठक का दूसरा संस्करण होगा, जिसमें सभी आसियान सदस्य देशों के रक्षा मंत्री हिस्सा लेंगे. इस बैठक का मकसद आसियान सदस्य देशों और भारत के बीच रक्षा और सुरक्षा सहयोग को अधिक मजबूत करना और एक्ट ईस्ट पॉलिसी को आगे बढ़ाना है. रक्षा मंत्री के दो दिन की यात्रा के दौरान बैठक में हिस्सा लेने वाले देशों के अपने समकक्षों के साथ-साथ मलेशिया के वरिष्ठ नेतृत्व के साथ द्विपक्षीय बैठकें करने की भी उम्मीद है. एडीडीएम आसियान (दक्षिण पूर्वी एशियाई देशों का संगठन) में सबसे बड़ा रक्षा परामर्श और सहयोग तंत्र है. यह आसियान सदस्य देशों ब्रुनेई, कंबोडिया, इंडोनेशिया, लाओ पीडीआर, मलेशिया, म्यांमार, फिलीपींस, सिंगापुर, थाईलैंड, तिमोर लेस्ते और वियतनाम और इसके आठ डायलॉग पार्टनर भारत, अमेरिका, चीन, रूस, जापान, दक्षिण कोरिया, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के लिए सुरक्षा और रक्षा सहयोग को मजबूत करने का एक मंच है.



> भारत 1992 में आसियान का डायलॉग पार्टनर बना और पहला एडीडीएम-प्लस 12 अक्टूबर, 2010 को वियतनाम के हनोई में हुआ था. वर्ष 2017 से आसियान और प्लस देशों के बीच रक्षा सहयोग को बढ़ावा देने के लिए एडीडीएम का हर वर्ष आयोजित किया जाता है. एडीडीएम-प्लस के तहत भारत 2027 के लिए मलेशिया के साथ आतंकवाद विरोधी विशेषज्ञ कार्य समूह का सह-अध्यक्ष है. आसियान-भारत समुद्री अभ्यास का दूसरा संस्करण भी 2026 में होने वाला है.

# गाजा पर इजरायली हमलों में सात की मौत

**गाजा/यरूशलम, 29 अक्टूबर.** युद्धविराम की घोषणा के बावजूद गाजा पट्टी पर इजरायल ने हवाई हमल किए. हमलों के कारण बच्चों सहित सात फिलिस्तीनी मारे गए और चार अन्य घायल हो गए. फिलिस्तीनी नागरिक सुरक्षा विभाग ने यह जानकारी दी. गाजा में अधिकारियों के प्रवक्ता महमूद बसल के अनुसार, दक्षिणी शहर खान यूनिस की अल-कस्साम स्ट्रीट पर टक्सन-प्रकार के एक वाहन पर इजरायली हवाई हमले में बच्चों सहित पांच लोगों की मौत हो गई. बचाव दल और पैरामेडिक्स घटनास्थल पर पहुंचे और पीड़ितों को पास के एक अस्पताल में भर्ती कराया.

# उग्र हुआ किसानों का आंदोलन



**नागपुर, 29 अक्टूबर.** किसानों की कर्जमाफी और सातबारा कोरा करने की मांग को लेकर सीएम की सिटी नागपुर में शुरू हुआ पूर्व विधायक बच्चू कडू की अगुवाई वाला आंदोलन ने दूसरे दिन भी उग्र रूप धारण कर लिया. 30 घंटे से ज्यादा समय से बंद वर्धा रोड सहित 4 प्रमुख हाईवे बुधवार शाम 6 बजे तक खाली करने के आदेश मुंबई हाईकोर्ट की नागपुर पीठ ने दिया था. पुलिस जब यह आदेश लेकर पहुंची तो आंदोलनस्थल पर मौजूद हजारों किसानों ने दो टूक कह दिया कि वे लाठी-गोली खाने को तैयार है. सरकार चाहे तो उन्हें जेल भेज दे, वहां वे आंदोलन जारी रखेंगे. बच्चू कडू से चर्चा के लिए अधिवक्ता आशीष जायसवाल पहुंचे.

# 53 मिनट तक हवा में अटकी यात्रियों की जान

**देहरादून.** देहरादून से बेंगलुरु जा रही इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइट की वापस देहरादून एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी. फ्लाइट 53 मिनट तक हवा में ही रही. विमान में सवार सभी 170 यात्री की जान बाल-बाल बची हैं. फ्लाइट की पक्षी टकराने (बर्ड हिट) की बात सामने आई है. सूत्रों के मुताबिक, इंडिगो की फ्लाइट शाम करीब 6:05 बजे जॉली ग्रांट एयरपोर्ट से उड़ान भरी थी. उड़ान के कुछ ही समय बाद विमान के बाएं इंजन से एक पक्षी टकरा गया, जिससे इंजन में तेज आवाज आने लगी. सुरक्षा की दृष्टि से पायलट ने विमान को एयरपोर्ट से दूर नियंत्रित ऊंचाई पर रखा और स्थिति सामान्य करने के प्रयास किए.